NP – 068

III Semester B.Com. Examination, March/April 2023
(NEP) (2022-23 and Onwards) (Freshers)
LANG. HINDI
Kavitha Sangrah, Sarakari Patrachar and Paribhashik Shabdavali

Time : 2½ Hours Max. Marks : 60

I. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए : (1×10=10)

1) नदियाँ सब जलकर क्या हो गई ?
2) सीता और राम का आतिथ्य कौन करता है ?
3) 'हारि' रूपी 'हीरा' किसने प्राप्त किया था ?
4) विहंगम का कल निनाद कहाँ सुनाई पडता है ?
5) कवि किस उद्देश्य से सबको साधक बनने के लिए कहते हैं ?
6) 'उनको प्रणाम' कविता के कवि कौन है ?
7) भगवान के हस्ताक्षर को कौन रसवश होकर देखते हैं ?
8) विशालकाय पोस्टर को देखकर कौन मुस्कुराती हैं ?
9) 'समर शेष' कविता में कवि किसका आह्वान करते हैं ?
10) विज्ञापन से दूर रहनेवाले व्यक्ति कौन थे ?

II. निम्नलिखित पद्यांश का ससंदर्भ भाव समझाइए : (2×7=14)

अ) पाँचों नौबत बाजति, होत छत्तीसो राग ।
सो मन्दिर खाली पडा, बैठन लागे काग ।।

अथवा

नर तैं जनम पाइ कह कीनो ?
उदर भरयौ कूकर सूकर लौं, प्रभु कौ नाम न लीनौ ।
श्री भगवत सुनी नहिं श्रवननि, गुरु गोविंद नहिं चीनौं ।
भाव भक्ति कुछ हृदय न उपजी, मन विषया मैं दीनौ ।।

P.T.O.

आ) अचल के शिखरों पर जा चढो ।

किरण पादप-शीश-विहारिणी ।

तरणि-बिम्ब तिरोहित हो चला ।

गगन मण्डल मध्य शनैः शनैः ।।

अथवा

समर शेष है, इस स्वराज्य को सत्य बनाना होगा ।

जिसका है यह न्यास, उसे सत्वर पहुँचाना होगा ।

धारा के मग में अनेक पर्वत जो खडे हुए है ।

गंगा का पथ रोक, इन्द्र के गज जो अडे हुए है,

कह दो उनसे, झुके अगर तो जग में यश पायेंगे

अडे रहे तो ऐरावत पत्तों – से बह जाऐंगे ।

III. किसी **एक** कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । (1×16=16)

1) एकता

2) उनको प्रणाम ।

IV. किसी **एक** विषय पर टिप्पणी लिखिए : (1×5=5)

1) आदमी और पोस्टर की तुलना ।

2) 'समर शेष' कविता में चर्चित समस्याएँ ।

V. उपसचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय कर्नाटक सरकार की ओर से समस्त स्वास्थ्य विभाग के सचिवों को एक परिपत्र लिखिए, जिसमें अधिक सर्दी के कारण फैलती हुई विभिन्न बीमारियों को रोकने का उचित विवरण हो । **(1×10=10)**

अथवा

राज्य में संपन्न हो रही 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' की प्रगती का विवरण माँगते हुए भारत सरकार के शिक्षा – मंत्रालय की ओर से अवर सचिव, शिक्षा मंत्रालय कर्नाटक सरकार के नाम एक सामान्य सरकारी पत्र लिखिए ।

VI. हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **(5×1=5)**

1) Tender Notice
2) Press communique
3) Cash sale
4) Market price
5) Tax Payee.